# सहयोगात्मक पर्यवेक्षण
# जनपद– हाथरस
# दिनांक – 18.02.2020 से 20.02.2020

<u>पर्यवेक्षक–</u>

- **श्री अरूणेश तिवारी, परामर्शदाता, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।**
- **श्री विपिन कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम सहायक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।**

अवगत कराना है कि उपरोक्त पर्यवेक्षकों द्वारा दिनांक 18.02.2020 से 20.02.2020 तक निम्नांकित चिकित्सा इकाइयों/सामुदायिक स्तर कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण किया गया–

✓ दिनांक 18.02.2020 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र माहो, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिकन्दरा राऊ का पर्यवेक्षण किया गया।

✓ दिनांक 19.02.2020 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सासनी, वी0एच0एस0डी0 सत्र के दौरान ग्राम वीरनगर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कौमरी का पर्यवेक्षण किया गया।

✓ दिनांक 20.02.2020 को अरबन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रानी का नगला पर्यवेक्षण किया गया।

| दिनांक | Major Findings from the Visit Site | Intervention/Activities Identified | Level of Intervention |
|---|---|---|---|
| **प्रथम दिवस 18.02.20** | **<u>सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र माहो, जनपद हाथरस</u>**<br>• इकाई पर कुल 2 चिकित्साधिकारी, 01 फार्मासिस्ट, 02 स्टाफ नर्स की नियुक्ति है। **<u>महिला चिकित्सक (एल0एम0ओ0) का पद रिक्त है।</u>** आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम के अन्तर्गत दोनों टीमें नियुक्त हैं। बी0सी0पी0एम0 का पद रिक्त है।<br>• इकाई के अन्तर्गत 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 27 उपकेन्द्र हैं। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्साधिकारी की एवं 22 उपकेन्द्रों पर ए0एन0एम0 की नियुक्ति हैं।<br>• जनवरी माह में कुल 62 सामान्य प्रसव हुये हैं। कुल प्रसव में से 13 नवजात Low Birth weight है। विगत माह Neonatal death एवं Maternal death नहीं हुयी है।<br>• लाभार्थियों को जे0एस0वाई0 के अन्तर्गत दी जाने वाली राशि का भुगतान किया जा रहा है।<br>• डिस्जार्च करने से पूर्व नवजात शिशुओं का 100 प्रतिशत टीकाकरण किया गया है। Hep. B Vaccine की कमी के कारण माह जनवरी में केवल 56 नवजात शिशुओं का ही टीकाकरण किया गया।<br>• परिवार नियोजन रजिस्टर, जे0एस0एस0के0 डाइट रजिस्टर एवं रेफर रजिस्टर का अवलोकन किया गया। **<u>डाइट रजिस्टर अपडेट नहीं पाया गया।</u>** डाइट के लिए बाहर से टेण्टर किया गया है।<br>• **<u>Bio metric machine नहीं लगी है,</u>** परन्तु CCTV काम कर रहा है।<br>• **<u>वार्ड में Deit Chart नहीं चस्पा था।</u>**<br>• उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं हेतु HRP का चिन्हिकरण किया जा रहा है। विगत माह में 08 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हिकरण कृत उन्हें जिला महिला चिकित्सालय रेफर किया गया था।<br>• लेबर रूम में प्राइवेसी हेतु पर्दे लगे हुये थे। | <br>डाइट रजिस्टर एवं एम्बूलेन्स रजिस्टर को अपडेट करने हेतु तथा प्रत्येक माह ब्लाक चिकित्सा प्रभारी द्वारा सत्यापित करने हेतु निर्देशित किया गया।<br>Bio metric machine लगाने हेतु निर्देश दिये गये।<br><br>**RBSK vechicle** | प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • स्टाफ नर्स द्वारा परिवार नियोजन हेतु काउन्सलिंग करके उन्हें परिवार नियोजन की सेवाएं (कन्डोम/आई0यू0सी0डी0) दी जा रही हैं।<br>• 102 एवं 108 एम्बूलेन्स की सेवाएं दी जा रही है।<br>• equipment की Tagging थी एवं equipment maintainance के लिए कम्पनी का Toll free number डिस्पले किया गया है।<br>• Bio Medical Waste हेतु पूर्व से कार्यरत एजेन्सी का टेण्डर निरस्त कर नवीन टेण्डर किया गया है। <u>agreement copy उपलब्ध नही थी।</u><br>• आर0बी0एस0के0 टीम को विजिट हेतु 02 गाडियां उपलब्ध है। <u>**गाडी का भुगतान जी0पी0एस0 के अनुसार होना चाहिए, परन्तु भुगतान मैनुअल हो रहा था। गाड़ी पर प्राटोंकाल पोस्टर नहीं लगे थे।**</u> agreement copy उपलब्ध नही थी। टीम के पास माइको प्लान उपलब्ध था। माइको प्लान के अनुसार विजिट किया जा रहा था। टीम के पास बच्चों की Height & Weight मापने हेतु संसाधन उपलब्ध है। आर0बी0एस0के0 पोर्टल पर इन्ट्री की जा रही है।<br>• <u>ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक को एन0एच0एम0 के कार्यक्रम के दिशा–निर्देशों के विषय में जानकारी नहीं थी।</u><br>• चिकित्सा इकाई पर साफ–सफाई, गार्डेनिंग, पीने का पानी एवं बिजली का प्रबन्ध था। | <br>चिकित्सा अधीक्षक से अपेक्षा की गयी कि Bio Medical Waste हेतु agreement की एवं आर0बी0एस0के0 टीम की गाडियों के agreement की एक प्रति अपने रिकार्ड में सुरक्षित रखे।<br>टीम को आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम के दिशा–निर्देशों की एवं रिकार्डो के रख–रखाव के बारे में जानकारी दी गयी। निर्देश दिये गये कि गाडियों पर प्रोटोकाल पोस्टर शीघ्र लगवाये जाये।<br>ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक को कड़े निर्देश दिये गये कि programme की guidelines एवं रिकार्डों के रख–रखाव तथा उनके updation की जानकारी रखे। इसके अतिरिक्त HMIS Operater द्वारा HMIS Portal पर data feeding होते समय data की जांच अवश्य कर किया जाये, ताकि त्रुटि से बचा जा सके। | |
| **प्रथम दिवस 18.02.20** | <u>**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिकन्दरा राऊ, जनपद हाथरस**</u><br>• इकाई पर 05 चिकित्साधिकारी (1 महिला चिकित्सक सहित), 04 फार्मासिस्ट, 05 स्टाफ नर्स, 01 ए0आर0ओ0 की नियुक्ति है। स्टाफ नर्स को एस0बी0ए0 एवं पी0पी0आई0यू0सी0डी0 का प्रशिक्षण प्राप्त हैं।<br>• इकाई के अन्तर्गत 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 28 उपकेन्द्र हैं। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्साधिकारी की एवं 23 उपकेन्द्रों पर ए0एन0एम0 की नियुक्ति हैं।<br>• जनवरी माह में कुल 161 सामान्य प्रसव हुये हैं। कुल प्रसव में से 40 नवजात Low Birth weight है। विगत माह 06 still birth है।<br>• डिस्जार्च करने से पूर्व नवजात शिशुओं का 100 प्रतिशत टीकाकरण किया गया है।<br>• परिवार नियोजन संबंधी सेवाओं में Oral Pills (Mala N, Chaya) & Condom उपलब्ध है। स्टाफ नर्स द्वारा परिवार नियोजन हेतु काउन्सलिंग करके उन्हें परिवार नियोजन की सेवाएं (कन्डोम/आई0यू0सी0डी0) दी जा रही हैं।<br>• Bio Medical Waste के निस्तारण हेतु गाडी आ रही है। <u>agreement copy उपलब्ध नही थी।</u> | चिकि0 अधी0 से अपेक्षा की गयी कि Bio Medical Waste हेतु agreement की एवं आर0बी0एस0के0 टीम की गाडियों के agreement की एक प्रति अपने रिकार्ड में सुरक्षित रखे। | प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • चिकित्सा इकाई पर साफ–सफाई, गार्डेनिंग, पीने का पानी एवं बिजली का प्रबन्ध था।<br>• आर0बी0एस0के0 टीम को विजिट हेतु 02 गाडियां उपलब्ध है। **गाडी का भुगतान जी0पी0एस0 के अनुसार होना चाहिए, परन्तु भुगतान मैनुअल हो रहा था। गाड़ी पर प्राटोंकाल पोस्टर नहीं लगे थे**। agreement copy उपलब्ध नही थी।<br>• **प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस कार्यक्रम–**<br>इकाई पर प्रत्येक माह की 9 तारीख को यह दिवस का आयोजन किया जा रहा है। परन्तु चिन्हित की गयी उच्च जाखिम वाली गर्भवती महिलाओं की लाइन लिस्टिंग पृथक रुप से करके उनका फॉलोअप नही किया जा रहा है।<br>• इकाई पर 102 एवं 108 एम्बूलेन्स की सेवाएं दी जा रही है।<br>• लाभार्थिओं को जे0एस0एस0के0 डाइट दी जा रही थी, परन्तु डाइट रजिस्टर अपडेट नहीं पाया गया। इकाई के अन्दर किचेन बनी हुयी है। किचेन में साफ–सफाई पायी गयी। डाइट चार्ट चस्पा था।<br>• **Bio metric machine नहीं लगी है**।<br>• equipment की Tagging थी एवं equipment maintainance के लिए कम्पनी का Toll free number डिस्पले किया गया है।<br>• लेबर रूम में प्रोटोकाल पोस्टर लगे थे। जे0एस0वाई0 वार्ड में रिकार्डों का रख–रखाव अच्छा पाया गया। एच0आर0पी0 रजिस्टर, परिवार नियोजन रजिस्टर, रेफरल रजिस्टर का अवलोकन किया गया।<br>• जे0एस0वाई0 का भुगतान 92 प्रतिशत हो गया है। शेष के भुगतान की कार्यवाही की जा रही है।<br>• ओ0टी0 में बहुत गंदगी पायी गयी। |  **डाइट रजिस्टर**<br>Bio metric machine लगाने हेतु निर्देश दिये गये।<br><br>चिकि0 अधी0 से अपेक्षा की गयी कि ओ0टी0 की साफ–सफाई के लिए संबंधित कर्मचारी को निर्देशित करें। साथ ही ओ0टी0 में उपलब्ध उपकरणों एवं संसाधनों को इमरजेन्सी उत्पन्न होने की स्थिति में तैयार रखें। | |
| द्वितीय दिवस<br>**19.02.20** | **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सासनी**<br>• इकाई पर 03 चिकित्साधिकारी (2 महिला चिकित्सक सहित), 03 फार्मासिस्ट, 07 स्टाफ नर्स, 01 ए0आर0ओ0 एवं 1 लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति है। स्टाफ नर्स को एस0बी0ए0 एवं पी0पी0आई0यू0सी0डी0 का प्रशिक्षण प्राप्त हैं।<br>• एन0बी0एस0यू0 कियाशील है। 01 स्टाफ नर्स कार्यरत है। कोई बाल रोग चिकित्सा कार्यरत नहीं है।<br>• इकाई के अन्तर्गत 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 31 उपकेन्द्र हैं। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्साधिकारी की एवं 25 उपकेन्द्रों पर ए0एन0एम0 की नियुक्ति हैं।<br>• माह जनवरी में कुल 126 प्रसव हुये हैं। कुल प्रसव में से 25 नवजात Low Birth weight है। विगत माह 04 still birth है। |  | प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक / बी0पी0एम0 के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • परिवार नियोजन संबंधी सेवाओं में Oral Pills (Mala N, Chaya) & Condom उपलब्ध है। स्टाफ नर्स द्वारा परिवार नियोजन हेतु काउन्सलिंग करके उन्हें परिवार नियोजन की सेवाएं (कन्डोम/आई0यू0सी0डी0) दी जा रही हैं।<br>• नवजात शिशुओं का 100 प्रतिशत टीकाकरण किया गया है।<br>• लेबर रूम मानकानुसार सुसज्जित पाया गया। समस्त उपकरण जैसे– ऑक्सीजन सिलैण्डर, रेडियन्ट वार्मर, सक्शन मशीन, इमरजैन्सी ट्रे, डिलवरी किट, पी0पी0आई0यू0सी0डी0 किट व अन्य सामाग्रीयां उपलब्ध पायी गयी।<br>• समस्त प्रोटोकॉल पोस्टर डिसप्ले किये गये थे।<br>• समुचित साफ–सफाई थी, Infection Prevention हेतु अच्छी व्यवस्था थी।<br>• Bio Medical Waste के निस्तारण हेतु गाडी आ रही है। agreement copy उपलब्ध नही थी।<br>• चिकित्सा इकाई पर साफ–सफाई, गार्डेनिंग, पीने का पानी एवं बिजली का अच्छा प्रबन्धन पाया गया।<br>• आर0बी0एस0के0 टीम को विजिट हेतु 02 गाडियां उपलब्ध है। **गाडी का भुगतान जी0पी0एस0 के अनुसार होना चाहिए, परन्तु भुगतान मैनुअल हो रहा था। गाड़ी पर प्राटोंकाल पोस्टर नहीं लगे थे।** agreement copy उपलब्ध नही थी।<br>• equipment की Tagging थी एवं equipment maintainance के लिए कम्पनी का Toll free number डिस्पले किया गया है।<br>• इकाई पर 102 एवं 108 एम्बूलेन्स की सेवाएं दी जा रही है।<br>• जे0एस0वाई0 का भुगतान 92 प्रतिशत हो गया है। शेष के भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। |  **ओ0टी0**<br> **इमरजैन्सी ट्रे, डिलवरी किट, पी0पी0आई0यू0सी0डी0 किट**<br> **डाइट चार्ट** | |
| **द्वितीय दिवस 19.02.20** | **वी0एच0एन0डी0 सत्र – प्राथमिक विद्यालय वीरनगर**<br>• सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सासनी के प्रभारी चिकित्साधिकारी की उपस्थिति में सत्र को आयोजित किया जा रहा था। सत्र के दौरान 01 ए0एन0एम0, 01 आशा एवं 01 सहायिका उपस्थित थी।<br>• ए0एन0एम0 एवं आशा की Due List भरी हुयी थी, Due List के अनुसार नवजात बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। नवजात शिशुओं का टीकाकरण एवं विटामिन ए सिरप दी जा रही है।<br>• नवजात शिशु को वजन करने के लिए Weighing machine, height measurement हेतु equipment उपलब्ध थे।<br>• वी0एच0एन0डी0 सत्र से संबंधित आई0ई0सी0 एवं बैनर लगे हुये थे।<br>• ए0एन0सी0 जांच हेतु प्रबन्ध किया गया है।<br>• ANM द्वारा परिवार नियोजन सेवाओं के लिए परामर्श किया जा रहा था।<br>• HRP (High Risk Pregnency) का चिन्हांकन एवं लाइन लिस्टिंग की जा रही है। | <br> | प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक/बी0पी0एम0/एएनएम/आशा के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| द्वितीय दिवस 19.02.20 | **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कौमरी, ब्लाक सासनी।**<br>• इकाई पर 1 चिकित्साधिकारी, 01 फार्मासिस्ट एवं 01 वार्ड ब्वाय की नियुक्ति है। पर्यवेक्षण के समय चिकित्साधिकारी उपस्थित नहीं थे।<br>• इकाई पर जे0एस0वाई0 की सेवाएं नहीं दी जा रही है।<br>• इकाई का 'आयुष्मान भारत योजना' के अन्तर्गत रेनोवेशन किया गया था।<br>• चिकित्सा इकाई पर साफ–सफाई, गार्डेनिंग, पीने का पानी एवं बिजली का प्रबन्धन पाया गया। | चूंकि स्वास्थ्य इकाई पर जे0एस0वाई0 की सेवाएं प्रदान नहीं की जा रही है। अतः एन0सी0डी0 कार्यक्रम / मेन्टल हेल्थ कैम्प के क्रियान्वयन के लिए सार्थक प्रयास करने हेतु सलाह दी गयी। | प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक / बी0पी0एम0 / ए.एन.एम. / आशा के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित। |
| तृतीय दिवस दिनांक 20.02.20 | **अरबन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मधुगढ़ी**<br>• चिकित्सा अधीक्षक कक्ष में ए0सी0 एवं वाटर कूलर विगत 03 माह से क्रय कर रखे गये है।<br>• लेबर रूम में equipment को सही कराने हेतु टोलफ्री नं0 डिस्पले करा दिया गया था।<br>• उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हीकरण व लाइन लिस्टिगं की जा रही है।<br>• लेबर रूम में सभी Protocol Poster नहीं लगे थे। | चिकित्सा अधीक्षक कक्ष में रखे ए0सी0 एवं वाटर कूलर शीघ्र चिकित्सा इकाई पर यथास्थान Install करने हेतु निर्देश दिये गये। नोडल अधिकारी (अरबन) द्वारा सुनिश्चित किया जाये। | नोडल प्रभारी (अरबन) / प्रभारी चिकित्साधिकारी / अरबन हेल्थ कोआर्डिनेटर के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित। |
| तृतीय दिवस 20.02.20 | **अरबन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रानी का नगला**<br>• इकाई एक किराये की बिल्डिंग में क्रियाशील है।<br>• पानी की व्यवस्था नियोजित नहीं हुयी है। इसके लिए पूर्व में भी अवगत कराया गया था।<br>• लेबर टेबल में कहीं–कहीं जंग देखे गये।<br>• किसी महिला चिकित्सक के न होने के कारण स्टाफ नर्स द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें प्रशिक्षण की आवश्यकता है। इस स्थिति में किसी महिला चिकित्सक को इकाई पर संबद्ध किया जाये अथवा स्टाफ नर्स को जिला महिला चिकित्सालय में (01 माह के लिए) रिफ्रेशन ट्रेनिंग कराया जाये।<br>• फार्मासिस्ट के ड्रग्स स्टॉक रजिस्टर अपडेट पाये गये।<br>• लैब टेक्नीशियन द्वारा दिखाये गये रजिस्टर अपडेट नहीं थे। | . लेबर टेबल को परिवर्तित कर दिया जाये अथवा पेन्ट करा दिया जाये।<br>. स्टाफ नर्स की रिफ्रेशन ट्रेनिंग हेतु सी0एम0ओ0 स्तर से संस्तुति अवश्य ले ली जाये।<br>. निर्देशित किया गया कि लेबर रूम के रिकार्डों का रख–रखाव सही ढंग से किया जाये एवं लेबर रूम में इमरजेन्सी को ध्यान में रखते हुये equipment & medicine व्यवस्थित किये जाये।<br>. लैब टेक्नीशियन को निर्देश दिये गये कि प्राप्त किये गये equipment & medicine & Kits का रिकार्ड एक रजिस्टर पर सुरक्षित करें। चिकित्सा अधीक्षक द्वारा इसे सुनिश्चित किया जाये। | नोडल प्रभारी (अरबन) / प्रभारी चिकित्साधिकारी / अरबन हेल्थ कोआर्डिनेटर के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित। |

मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय तथा अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (आर0सी0एच0) महोदय एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक के साथ बैठक करके चिकित्सा इकाईयों पर पर्यवेक्षण के संबंध में चर्चा की गयी। इसी क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय की अध्यक्षता में मण्डलीय लेखा प्रबन्धक, डी0ई0आई0सी0 प्रबन्घक, समस्त बी0पी0एम0, बी0ए0एम0 तथा बी0सी0पी0एम0 की एक बैठक आयोजित करके वित्तीय व्यय पर चर्चा की गयी। साथ ही वित्तीय दिशा–निर्देशों ध्यान में रखते हुये मार्च 2020 तक शत–प्रतिशत व्यय करने के निर्देश दिये गये।



